वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : कुलसचिव,
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय, जौनपुर।

पत्रांक : 3223 / पू.वि.वि. / कु०स०/ 2025
दिनांक : 07 फरवरी, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जनपद–जौनपुर,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि०वि०, जौनपुर।

विषयः– टैबलेट / स्मार्टफोन प्राप्त कर वितरण करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भ में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध जनपद जौनपुर के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबन्धकों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत अध्ययनरत अर्ह छात्र / छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन वितरित / प्राप्त कराये जाते हैं। जिसके सम्बन्ध में आज दिनांक 07 फरवरी, 2025 सांय 4.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी तथा बैठक में निर्देशित किया गया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत अर्ह छात्र–छात्राओं का टैबलेट / स्मार्टफोन जिला मुख्यालय में उपलब्ध है जिसे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर जन प्रतिनिधि के माध्यम से छात्र / छात्राओं को वितरित कराना सुनिश्चित कराये।

उक्त सम्बन्ध में दिनांक 10 फरवरी, 2025 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित महन्थ अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में छात्र / छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन प्राप्त कर वितरित करने सम्बन्धी जनपद–जौनपुर के महाविद्यालयों के प्राचार्यो / प्रबन्धकों की एक बैठक आहूत की गयी है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहेगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव
07/2/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी महोदय, जनपद–जौनपुर को सूचनार्थ।
2. अपर जिलाधिकारी, जनपद–जौनपुर ।
3. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक।
4. समस्त उप कुलसचिव।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, वेवसाइट को इस आशय से कि उपर्युक्त सूचना विश्वविद्यालय वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. प्रशासनिक अधिकारी, विकास / प्रशासन एवं श्री राजेश कुमार सिंह, श्री बसन्त कुमार, इलेक्ट्रीशियन को इस आशय से कि संगोष्ठी भवन में साफ–सफाई, विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराये।
8. श्री रजनीश सिंह, प्रभारी, खेल–कूद एवं खेल–कूद विभाग के कर्मचारियो को इस आशय से कि उक्त बैठक में मंच, माइक एवं जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित कराये।

/
कुलसचिव